टेबिल टेनिस में सर पदमपत सिंहानिया बना चैम्पियन

कानपुर, 22 जनवरी। स्मार्ट सिटी और टीएसएच के सयुंक्त तत्वावधान में हुई 'द स्पोर्ट्स हब' टेबिल टेनिस टूर्नामेंट में सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर स्कूल का दबदबा कायम रहा। टीएसएच के ओलंपियाड हॉल में हुई इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सर पदमपत सिंहानिया एजूकेशन सेंटर ने जूनियर बालक व बालिका और सीनियर बालक व बालिका वर्ग की टीम चैम्पियनशिप जीतने का गौरव प्राप्त किया। इस मौके पर दिव्यांग खिलाड़ी अभिषेक सिंह, अमरेश सिंह व शिवम पाल को सम्मानित किया गया। ओलंपियन अर्चना पांडेय व भारतीय टेबिल टेनिस टीम के कोच पराग अग्रवाल को 11-11 रुपये और स्मृति चिह्न मुख्य अतिथि ने प्रदान किया। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि जिलाधिकारी विशाख जी व अध्यक्ष संजीव पाठक ने पुरस्कृत किया।